सं 11014/04/2018-रा.भा.(प)
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

चौथा तल, बी विंग, एनडीसीसी - II, भवन
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक : 08 मई, 2018

ISSUED
15 MAY 2018
15 MAY 2018

सेवा में,

महानिदेशक
विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय
सूचना भवन, फेस-4, सीजीओ काम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली -110003

**विषय : केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के पुस्तकालयों के लिए दिनांक 1.1.2017 से 31.12.2017 की अवधि में प्रकाशित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची तैयार करना ।**

महोदय,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों, संगठनों को उनके पुस्तकालयों के लिए क्रय की संस्तुति सहित परिचालित करता है । इस दायित्व के क्रम में दिनांक 1.1.2017 से 31.12.2017 तक की अवधि में विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित स्तरीय पुस्तकों की एक सूची इस विभाग द्वारा तैयार करके परिचालित की जानी है ।

2 इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु संलग्न विज्ञापन (हिंदी व अंग्रेजी में) को भारत के प्रमुख समाचार पत्रों में शीघ्रातिशीघ्र प्रकाशित किया जाना है । प्रविष्टियां प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 29-06-2018** है ।

3. कृपया हिंदी भाषा का विज्ञापन हिंदी के समाचारपत्रों में, व अंग्रेजी भाषा का विज्ञापन अंग्रेजी के समाचारपत्रों में चारों तरफ आकर्षक आउटलाईन/बार्डर के साथ प्रकाशित करने के निर्देश दें ।

4. आपसे अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को भारत के प्रमुख समाचारपत्रों में तत्काल प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(डॉ. श्रीप्रकाश शुक्ल)
संयुक्त निदेशक (नीति/पत्रिका)
दूरभाष : 011-23438250

**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग**

**सूचना**

**केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के पुस्तकालयों के लिए 01.01.2017 से 31.12.2017 तक की अवधि में प्रकाशित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची तैयार करना।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को उनके पुस्तकालयों में क्रय की संस्तुति सहित परिचालित करता है| उपर्युक्त पद्धति के अनुसार दिनांक 01.01.2017 से 31.12.2017 की अवधि के बीच विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित स्तरीय पुस्तकों की एक सूची इस विभाग द्वारा संबंधित संगठनों को परिचालित की जानी है।

2 समस्त लेखकों, प्रकाशकों, मुद्रकों तथा वितरकों से उत्कृष्ट पुस्तकें आमंत्रित की जाती हैं।

3 इच्छुक प्रार्थियों से संलग्नक -1 के प्रपत्र और घोषणा पत्र में मांगी गई जानकारी प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति के साथ दिनांक 29.06.2018 अथवा उसके पूर्व प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है| केवल ऐसी पुस्तकें, जिन्हें ऊपर पैराग्राफ 1 में उल्लिखित अवधि के दौरान पहली बार प्रकाशित किया गया है, विचारार्थ पात्र हैं। प्रपत्र के साथ पुस्तक प्राप्त न होने पर पात्रता पर विचार नहीं किया जायेगा।

4 प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रेषित पुस्तकें संबंधित भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से भेजी जाएँगी। अग्रिम प्रति सीधे राजभाषा विभाग को भेजी जा सकती है लेकिन उन पर भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से राजभाषा विभाग को प्राप्त होने के बाद ही विचार किया जाएगा।

5 उपर्युक्त पुस्तक/पुस्तकें निर्धारित प्रपत्र और घोषणा पत्र में वांछित सूचना पूर्ण और स्पष्ट रूप से भरकर दिनांक 29.06.2018 तक यूनिकोड मंगल आधारित फॉन्ट में patrika-ol@nic.in और निम्नलिखित पते पर भेजें:-

डॉ. धनेश द्विवेदी
उप संपादक
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,
चौथा तल, बी विंग, एनडीसीसी-II भवन
जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
दूरभाष : 011-23438159
ई-मेल : patrika-ol@nic.in
वेबसाइट : www.rajbhasha.gov.in

**(डॉ. श्रीप्रकाश शुक्ल)**
**संयुक्त निदेशक (नीति/पत्रिका)**

**संलग्नक -1**

## **प्रपत्र**

1. विधा/विषय का नाम :
2. पुस्तक का नाम :
3. लेखक का नाम :
4. क्या पुस्तक का पहला संस्करण 1.1.2017 से 31.12.2017 की अवधि में प्रकाशित किया गया ?_______
5. पुस्तक मूल रूप में हिंदी में लिखी गई है या हिंदी में अनूदित की गई है: ________
6. यदि अनूदित है तो :
   (क) किस भाषा से अनूदित है :
   (ख) अनुवादक का नाम :
   (ग) मूल लेखक का नाम :
7. पुस्तक का मूल्य :
8. प्रकाशक का संपर्क विवरण :
   (क) नाम :
   (ख) पता :
   (ग) फैक्स नंबर :
   (घ) फोन/मोबाइल नंबर :
   (ङ) ई मेल :

---

## **घोषणा पत्र**

(1) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी मौलिक रचना है अथवा मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी अनूदित रचना है|

(2) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक ____________________(पुस्तक का नाम तथा लेखक के नाम का भी उल्लेख करें ) में कोई भी राष्ट्र-विघटनकारी एवं देश-द्रोह-उन्मुखी तथा आतंकवाद व सांप्रदायिकता-उत्तेजक सामग्री नहीं है | मैं/हम यह भी प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में कोई राजनैतिक, भौगोलिक अथवा राजनयिक विवादास्पद तथ्य नहीं है|

(3) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और शालीन है |

(4) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि सूची में शामिल करने के विचारार्थ भेजी जाने वाली पुस्तक/पुस्तकें दिनांक 01.01.2017 से 31.12.2017 के बीच प्रकाशित की गई है/हैं और यह पुस्तक/ये पुस्तकें किसी दूसरे नाम से अथवा किसी दूसरी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित/मुद्रित नहीं की गई है/हैं |

(5) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि मैं /हम ________________ (यहाँ देश का नाम दें) का प्रवासी भारतीय/भारतीय मूल का व्यक्ति हूँ/हैं और मैं/हम संबंधित भारतीय दूतावास/उच्चायोग द्वारा इस आशय के लिए जारी प्रमाणीकरण प्रस्तुत करता हूँ/करती हूँ/करते हैं (यह प्रमाणीकरण प्रवासी भारतीय/भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है)।

हस्ताक्षर....................................

नाम......................................

पता......................................

..........................................

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

## सूचना

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को उनके पुस्तकालयों में क्रय की संस्तुति सहित परिचालित करता है । इसी क्रम में **दिनांक 01.01.2017 से 31.12.2017 तक की अवधि** में विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित गुणात्मक दृष्टि से उत्तम पुस्तकों की एक सूची इस विभाग द्वारा तैयार करके परिचालित की जानी है। इस सूची में शामिल किए जाने हेतु लेखकों, प्रकाशकों, मुद्रकों, वितरकों और प्रवासी-भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्तियों से पुस्तकें आमंत्रित हैं ।

इससे संबंधित पूरा विवरण राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in अथवा www.rajbhasha.nic.in पर उपलब्ध है । पुस्तकें जमा करने की अंतिम तिथि **29 जून, 2018** है

(डॉ. श्रीप्रकाश शुक्ल)
संयुक्त निदेशक (नीति एवं पत्रिका)